www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-234 सागवाड़ा, सोमवार, 2 मई, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# क्वार्ट्ज के अवैध खनन का गढ़ बना सागवाड़ा

## अधिकारियों पर खनन माफिया हावी, किसी का डर नही राजस्व, पुलिस, माइनिंग और जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से सारा खेल हो रहा है!

**सागवाड़ा।** सागवाड़ा उपखंड क्षेत्र क्वार्ट्ज पत्थर के अवैध खनन का गढ़ बन गया है। चारागाह भूमि हो या फिर बिलानाम या खातेदारी भूमि सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत के चलते जगह जगह खनन हो रहा है। उपखंड मुख्यालय से करीब 8 किमी की दूरी पर स्थित जेठाणा गांव में हो या फिर सेमलिया पंडया। कराड़ा या फिर करियणा सब जगह अवैध खनन के निशान देखे जा सकते है। भीलूड़ा सेमलिया पंड्या रोड पर काकेरा फला में क्वाट्ज निकाले जा रहे है। इधर, सागवाड़ा पंचायत समिति की कई पंचायतों की चारागाह भूमि को भू माफियाओं ने खोद डाला है। चारागाह भूमि पर मालिकाना हक पंचायत का है। पटवारी और सचिव पर गांव की सरकार भूमि की देखरेख की जिम्मेदारी होती है। उनके उपर विकास अधिकारी और तहसीलदार जैसे जिम्मेदारी अधिकारी होते है। पंचायतों में चारागाह और बिलानाम भूमि पर क्वार्ट्ज पत्थर के भंडार है।

**ये अवैध खनन के गढ़–** पंचायत समिति के कराड़ा, करियाना, वरसिंगपुर, पादरा, सामलिया, पाडवा, सरोदा, पिलुड़ा फला, गड़ावासण, झाखरी, कराड़ावाड़ा, करीयणा, वडलिया, माविता, घाटा माविता, नवाधरा, जालेनाफला, बोडिया तलाई,पन्नी तलाई, कुडी क्षेत्र, भीमदडी, खोडियार माता नया गांव का कुछ भाग कराड़ा से लगती सीमा, केसरपुरा में छोटीबड़ी पहाड़ियों पर क्वार्ट्ज पत्थर का भंडार है। इधर, प्रशासन की ओर से खनन विभाग ओ सौंपी गई रिपोर्ट में यह कहां गया है कि संयुक्त कार्यवाही से खनन रोका जा सकता है।



सेमलिया पंड्या



जेठाणा

### चारागाह जमीन का मालिक पंचायतीराज विभाग

चारागाह जमीन का असली मालिक पंचायतीराज विभाग होता है। जिसमें सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी और विकास अधिकारी की जिम्मेदारी होती है। जो अपने क्षेत्र की चाराागाह जमीन को खुद-बुर्द करने पर एफआईआर दर्ज कराने का अधिकार रखता है। इधर, पंचायती राज विभाग ने तो अभी तक कोई स्पष्टीकरण कर भी नही मांगा है। जहां एक ओर वैध खनन के लिए ग्राम पंचायत से एनओसी जारी होती है। इससे ग्राम पंचायत को राजस्व लाभ मिलता है। वहीं चारागाह जमीन पर अवैध खनन से लाखों के राजस्व नुकसान झेलना पड़ता है।

# भगवान परशुराम जी की जयंती पर सागवाड़ा में निकलेगी शोभायात्रा

## आज शाम 5 बजे गमरेश्वर महादेव मंदिर से शुरू होगी शोभायात्रा, महाआरती होगी




**सागवाड़ा।** 3 मई को सर्व समाज व ब्राह्मण समाज द्वारा परशुराम जयंती पर सागवाड़ा में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के समापन के बाद महाआरती होगी। श्याम भट्ट ने बताया की शोभायात्रा शाम 5 बजे गमरेश्वर महादेव मंदिर से गोल चौराहा होते हुए सदर बाजार , माड़वी चौक , पोल का कोठा, कलालवाड़ी, होकर वापस गमरेश्वर महादेव मंदिर पर आयेगी । शोभायात्रा में पुरुष ने सफेद कुर्ता पाजामा या सफेद वस्त्र एवं महिलाएं पीली या मेहरून कलर की साडियां में शामिल होने का निर्णय लिया है । शोभायात्रा का जगह जगह समाजजन द्वारा शीतल पेयजल की व्यवस्था भी की गई है ।

शोभायात्रा में सर्वप्रथम सबसे आगे बेंड , ध्वज , वरिष्ठ समाजजन , परशुराम की जीवंत झांकी , युवा संगठन , महिलाओ का समूह, भगवान परशुराम का रथ आदि झाकियां निकाली जायेगी । शोभायात्रा का समापन गमरेश्वर महादेव मंदिर में होगा । इसके बाद भगवान परशुराम की महाआरती होगी

## बिजली कटौती सहित राज्य सरकार की अन्य विफलताओं को लेकर भाजपा का प्रदर्शन

**डूंगरपुर।** जिले में भारतीय जनता पार्टी ने बिजली कटौती सहित राज्य सरकार की अन्य विफलताओं को लेकर मंडल स्तर पर धरना प्रदर्शन किए वहीं राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारियों को ज्ञापन सौपे गए।

डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर भाजपा नगर मंडल, ग्रामीण मंडल और देवल मंडल का संयुक्त धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा और भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभु पंड्या सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। धरना प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभु पंड्या ने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में डूंगरपुर जिले के शहरी क्षेत्र में 3 से 4 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रो में 8 घंटे से अधिक की बिजली कटौती हो रही है जिससे जनता त्राहिमाम कर रही है। प्रभु पंड्या ने कहा कि गहलोत सरकार के वित्तीय प्रबंधन के कारण राजस्थान में बिजली संकट पैदा हुआ है। इसके अलावा बेरोजगारों को नौकरी एवं बेरोजगारी भत्ता देने तथा किसानों की कर्ज माफी के मामले में भी राज्य सरकार पूरी तरीके से विफल रही है। पंड्या ने कहा कि गहलोत सरकार के साढ़े 3 साल के कार्यकाल में किसान, आम आदमी, कर्मचारी, व्यापारी और मजदूर वर्ग सहित हर वर्ग परेशान है। जो आने वाले चुनाव में गहलोत सरकार को सबक सिखाएंगे। धरना प्रदर्शन के बाद भाजपा नेताओं ने राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा।

# सरकार की ओर से पालिका को मिला कचरा संग्रहण वाहन

**सागवाड़ा।** नगरपालिका सागवाडा में राज्य सरकार की ओर से गीला व सूखा कचरा पृथक एकत्रीकरण करके आमजनों की सुविधा व नगरपालिका क्षेत्र को स्वच्छ रखने नया वाहन दिया दिया गया है। जिसका शुभारम्भ नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोड़निया व अधिशाषी अधिकारी मुकेश मोहिल की ओर से किया गया। पालिकाकर्मी सिद्धार्थ शर्मा ने मंत्रोच्चार कर वाहन का पूजन किया। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी मुकेश मोहिल ने बताया कि शहर में सूखे व गीले कचरे को वाहन में बने अलग अलग बने बक्से में डालकर व्यवस्था में सहयोग करे ताकि स्वच्छता बनी रहे और सभी आरोग्य रहे। इस अवसर पर जगदीश पाटीदार, रोशन व्यास, पंकज शर्मा, हेमन्त जोशी, राजेन्द्र भोई, धवल सुथार, जगदीश सेवक व गोविंद दलाल मौजूद रहे।



## पालिकाध्यक्ष खोडनिया ने ई-मित्र संचालकों की बैठक ली

**सागवाड़ा।** पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोड़निया ने नगर के ईमित्र संचालकों की बैठक ली। आम नागरिकों को सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं को जानकारी अधिक से अधिक देने के लिये नगर मित्र से अपील की गई। खोडनिया ने कहा कि नगर मित्र ऐसा माध्यम है इसमें आमजन को राज्य सरकार की अधिक से अधिक योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

## हटाए गए कोविड स्वास्थ्य सहायकों को वापस बहाल करने की मांग

**डूंगरपुर।** जिले में हटाए गए कोविड स्वास्थ्य सहायकों को वापस बहाल करने सहित अन्य मांगों को लेकर आज कोविड स्वास्थ्य सहायकों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कोविड सहायकों ने बताया कि कोरोना के समय सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रदेशभर में 28 हजार स्वास्थ्य सहायकों की भर्ती की थी। वही स्वास्थ्य सहायकों ने कोरोना के समय में नर्सिंग कर्मियों की तरह दिन रात एक कर कोरोना के मरीजों की सेवा की। कोविड-19 से सहायक हीरालाल ने बताया कि कोरोना संक्रमित मरीजों की जांच करनी हो या दवाई देने या सर्वे के काम सभी अच्छे तरीके से किए गए। लेकिन सरकार ने 31 मार्च को प्रदेशभर में कोविड स्वास्थ्य सहायकों की सेवाएं समाप्त कर दी।

# फर्जी मुकदमे में सीआई और आईओ जयपुर तलब

## शराब व्यापारी के पिता पर लगाया था केस, दुकानदारों ने जताया था विरोध

**डूंगरपुर।** धम्बोला थाना पुलिस की ओर से शराब व्यापारी के पिता के खिलाफ कथित रूप से झूठा मुकदमा दर्ज करने के मामले में पुलिस मुख्यालय ने CI और IO को जयपुर तलब किया है। पुलिस की ओर से फर्जी मुकदमे दर्ज करने और परेशान करने के मामले में शराब व्यापारी पुलिस के खिलाफ लामबंद हो गए थे और अपनी दुकाने बंद भी रखी थी। धंबोला थाना पुलिस ने 6 अप्रैल को एक कार से राजस्थान निर्मित बीयर की 5 पेटी जब्त की थी। चालक राजवीर सिंह वाघेला को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी चालक ने बीयर की पेटी पुनावाड़ा शराब के ठेके से खरीदना बताया था। इस मामले में धम्बोला थाना पुलिस ने झोथरी शराब के ठेके के मालिक शराब व्यापारी ललित पटेल के पिता चंदुलाल पटेल का नाम डालते हुए मुकदमा दर्ज किया। चंदुलाल का गलत तरीके से एफआईआर में नाम डालने पर शराब व्यापारी ललित पटेल ने आपत्ति दर्ज करवाई। इसमें बताया था की उसके पिता चंदुलाल का पुनावाड़ा शराब के ठेके से कोई संबंध नहीं है। पुलिस ने गलत तरीके से उनके पिता का नाम एफआईआर में डाला है। इस बारे में पीड़ित चंदुलाल पटेल ने जयपुर में डीजीपी को भी शिकायत की थी, जिसमें बताया था उसका नाम पुलिस की और से गलत दर्ज किया है और उसकी गिरफ्तारी का दबाव बनाने के लिए पुलिस ने उसके बेटे के नाम व पत्नी के नाम के ठेके के साथ अन्य ठेकों पर पुलिस का पहरा लगा दिया। पुलिस की ओर से फर्जी तरीके से मुकदमा दर्ज करने और ठेकों के बाहर पुलिसकर्मियों के तैनात किये जाने पर जिले के शराब व्यापारी लामबंद हो गए। पहले सीमलवाड़ा क्षेत्र के शराब के 4 ठेकेदारों ने अपने ठेके बंद करते हुए चाबी जिला आबकारी अधिकारी को सौंप दी थी। वहीं, अगले दिन जिले के सभी ठेकेदारों ने अपनी दुकान बंद करके विरोध जताया था। पीड़ित चंदुलाल पटेल की शिकायत पर जयपुर पुलिस मुख्यालय ने धम्बोला थाने के सीआई भैयालाल आंजना और जांच अधिकारी को फाइल लेकर जयपुर तलब किया है। इसके बाद दोनों जयपुर के लिए रवाना हो गए हैं। शराब ठेकेदारों के विरोध के बीच पुलिस ने ठेकों के बाहर से पुलिसकर्मी हटा दिए हैं।

## एक ही समय में नियमित रूप से दो अलग-अलग महाविद्यालय से डिग्री प्राप्त करने वाले चयनित अभ्यर्थियों की डिग्री की जांच नहीं होने का विरोध

**डूंगरपुर।** जिले में रीट लेवल वन के अभ्यर्थियों ने एक ही समय में नियमित रूप से दो अलग-अलग महाविद्यालय से डिग्री प्राप्त करने वाले चयनित अभ्यर्थियों की डिग्री की जांच नहीं होने का विरोध करते हुए आज कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया।वही रीट लेवल 1 में चयनित अभ्यर्थियों की डिग्री की जांच की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

अभ्यर्थीयो ने बताया कि राज्य सरकार ने पूरे टीएसपी क्षेत्र में रीट लेवल 1 में चयनित अभ्यर्थियों की डिग्री की जांच के आदेश दिए थे। आदेशों के बाद उदयपुर, बांसवाड़ा और प्रतापगढ़ में चयनित अभ्यर्थियों की डिग्री की जांच हुई जिसमें कई अभ्यर्थी दोहरी डिग्री वाले मिले जिन्हें प्रक्रिया के तहत अपात्र घोषित किया जाएगा। लेकिन डूंगरपुर जिले में रीट लेवल 1 के चयनित अभ्यर्थियों की डिग्रियों की अभी तक जांच नहीं हुई है जिससे कई अपात्र लोगों को नियुक्त मिलने की संभावना है। अभ्यर्थियों ने मांग की है कि डूंगरपुर जिले में भी चयनित अभ्यर्थियों की डिग्रियों की जांच की जाए ताकि अपात्र अभ्यर्थियों को बाहर करके पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति का मौका मिल सके।

## थाना गांव में हो रहा आयोजन

# राज भोई माली समाज की कुलदेवी मां चामुंडा माता मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव



**डूंगरपुर।** जिले के थाना गांव में राजभोई माली समाज की कुल देवी मां चामुण्डा माताजी तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सोमवार आगाज हुआ। समाज अध्यक्ष विनोद भोई ने बताया कि सोमवार को प्रथम दिवस मां चामुण्डा देवी माताजी मंदिर का पहले दिन सोमवार को आचार्य पंडित सागर जोशी द्वारा प्रायश्चित कर्म, पंचाग कर्म, मण्डव प्रवेश, मण्डापांग गणपत्यादी देवी देवताओं आवाहन पूजन, पुण्याहवान, ब्राहाण पूजन, कुटीर होम, सायंकालीन पूजन, आरती, प्रसाद वितरण हुआ। इससे पूर्व सुबह से ही मंदिर में जिले भर राजभोई समाज के लोगो का दर्शन व प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में समल्लित होने के लिए समाजजनों उमड़े। पहले दिन मुख्य यजमान में विनोद भोई, हितेश भोई,ब्रजेश भोई, नन्दलाल भोई, दौलतराम भोई, गंगाराम भोई थे।

# सड़क निर्माण और तराई पर निगरानी रखे वार्डवासी

## शहरी क्षेत्र में बन रही सड़कों का पालिकाध्यक्ष और पार्षदों ने किया निरीक्षण, सागवाड़ा शहर की 13 सड़कों का हो रहा सुदृढ़ीकरण

**सागवाड़ा।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सागवाड़ा शहर में बारिश के बाद टूटी सड़कों को मरम्मत करने के लिए 4 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत था जिसके तहत सड़कों के सुदृढ़ीकरण का काम किया जा रहा है। सोमवार को पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने पालिका की टीम ने सड़क सुदृढ़ीकरण के कार्य का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण कार्य के निर्देश दिये। पालिकाध्यक्ष ने वार्ड वासियों से अपील की कि सड़क के निर्माण और तराई की निगरानी करें ताकि कार्य की गुणवत्ता बनी रहे। खोडनिया ने बताया कि सागवाड़ा नगर पालिका क्षेत्र में 13 सड़कों की मरम्मत के लिए 4 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत हुआ है। सागवाड़ा नगर पालिका क्षेत्र में भी 4 करोड़ की लागत से 13 सड़कों का सुदृढ़ीकरण होना है। वार्ड नंबर 2, 9 और मंगलम विहार क्षेत्र में बन रही सड़कों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष राजुमामा शेख, अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मोहिल, पार्षद इंद्रजीत मकवाणा, लादू गवारिया, गटा, फारूख मौजूद थे।

